स्वीप संदेश

मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड सरकार

भारत निर्वाचन आयोग Election Commission of India

मासिक डिजिटल पत्रिका

अक्टूबर 2021 । अंक-1

अगस्त-सितम्बर की सुर्खियां

मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2022

मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2022 के तहत पूर्व पुनरीक्षण गतिविधियों का जायजा लेने हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के रवि कुमार द्वारा रांची, लातेहार, खूंटी, गिरिडीह एवं पूर्वी सिंहभूम जिलों का भ्रमण किया गया।

इस दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मतदाताओं के घर–घर जाकर मतदाता सूची की शुद्धता की जांच की गयी तथा मतदाता सूची को समावेशी बनाने के लिए जिलाधिकारियों एवं अनुमंडल पदाधिकारियों के साथ गहन विचार विमर्श किया गया। इन प्रयासों का एक ही उद्देश्य था कि कोई मतदाता छूटे ना।

अब मतदाता पहचान पत्र स्पीड पोस्ट से घर पर पहुंचेगा

भारत निर्वाचन आयोग के निदेश के आलोक में 27 सितम्बर, 2021 को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी और पोस्टमास्टर जनरल के बीच MOU हुआ। मतदाता पहचान पत्र स्पीड पोस्ट के माध्यम से मतदाता को घर पर पहुंचाने हेतु व्यवस्था को अंतिम रुप दिया गया।

SVEEP CORE COMMITTEE का गठन

राज्य स्तर पर SVEEP CORE COMMITTEE का गठन किया गया। उक्त समिति SVEEP से सम्बंधित किये जा रहे कार्यों का पर्यवेक्षण, Comprehensive SVEEP Strategy तैयार करने, कार्ययोजना तैयार करने तथा मतदाता जागरूकता से सम्बंधित कार्यों को देखेगी।

मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम Camp Dates

Publication of Integrated Draft Electoral Roll	1st November 2021 (Monday)
Period for filing Claims and Objections	1st November 2021 (Monday) to 30th November 2021 (Tuesday)
Special Campaign Dates	20th, 21st, 27th & 28th Saturday and Sunday
Disposal of Claims and Objections	Before 20th December 2021 (Monday)
Updating Database and printing of supplement	Before 3rd January 2022 (Monday)
Final Publication of Electoral Roll	5th January 2022 (Wednesday)

प्रज्ञा केन्द्र बने मतदाता सहायता केंद्र



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के रवि कुमार के अभिनव पहल के फल स्वरूप कॉमन सर्विस सेंटर अब मतदाता सहायता केंद्र भी बन चूका है। इस कड़ी में सभी वीएलई को ट्रेनिंग दी गयी, 27 अगस्त को आयोजित वर्चुअल वर्कशॉप में तकरीबन 4000 वीएलई ने भाग लिया।

स्वीप संदेश
मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड सरकार

मासिक डिजिटल पत्रिका

अक्टूबर 2021 | अंक -1

राष्ट्रीय शिकायत सेवा पोर्टल (NGRS)



भारत निर्वाचन आयोग के ऑनलाइन पोर्टल https://eci&citizenservices-eci-nic-in को विजिट करके आप अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। यह शिकायत निर्वाचन अवधी और गैर–निर्वाचन अवधी दोनों के संबंध में दर्ज की जा सकती हैं।

वोटर हेल्पलाइन ऐप

आप वोटर हेल्पलाइन ऐप को प्ले स्टोर एवं ऐप स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। यह ऐप आपको निर्वाचक नामावली में अपना नाम खोजने, ऑनलाइन प्ररूप भरने, निर्वाचनों के बारे में जानने, और सबसे महत्वपूर्ण शिकायत दर्ज करने की आसान सुविधा उपलब्ध कराता है। इस ऐप के माध्यम से प्रेस विज्ञप्ति, आयोजन, गैलरी इत्यादि सहजता से देख सकते हैं। आप अपने आवेदन प्ररूप और अपनी शिकायत की वस्तु स्थिति के बारे में भी पता कर सकते हैं।

1950 पर कॉल करें

1950 मतदाता हेल्पलाइन का टोल–फ्री नंबर है अपने शहर के एसटीडी कोड के बाद 1950 डॉयल कर कोई भी नागरिक देश के किसी भी भाग से, कार्यालय अवधि में निर्वाचन से संबंधित कोई भी प्रश्न, निःशुल्क पूछ सकता है अथवा शिकायत दर्ज कर सकता है।

**“ बाधाएं आती हैं आएं
चाहे आये कोरोना
स्वस्थ और सुरक्षित
रहेगा देश का हर कोना ”**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड द्वारा जारी...